ओम शान्ति शिवबाबा याद हैं?

# Hindi Murli Quiz 01-01-2015

ये क्विज आज की मुरली पर आधारित है| मुरली सुनने के लिए यहाँ क्लिक करें| पुरानी क्विज  के लिए यहाँ क्लिक करें |

**Q.1) नई दुनिया की स्थापना होनी ही है । साइंस जो अभी सीख रहे हैं, थोड़े वर्ष में वह बहुत होशियार हो जायेंगे । यह साइंस नयी दुनिया में सुख ही देने वाली होगी । नयी दुनिया के बारे में बाबा ने कुछ विशेषताएं बतायी हैं, उनको चयन करें ---**

A. वहां अथाह धन होता है परन्तु टैक्स आदि कुछ नहीं पड़ेगा ।
B. जमीन भी ढेर होती है । नदियाँ तो सब होंगी I
C. वहाँ सबको अपनी- अपनी खेती होगी ।
D. जिससे फिर नई दुनिया में बहुत अच्छी- अच्छी चीजें बनेगी ।
E. नयी दुनिया में साइंस सीखे सिखाये चलेंगे और जल्दी-जल्दी काम होता जायेगा ।

**Q.2) फिर से नर्क की स्थापना होगी, जिसमें लक्ष्मी-नारायण का राज्य था, परिस्तान था, अभी तो कब्रिस्तान है ।  सतयुग में तुम महल आदि बनायेंगे, ऐसे नहीं कि नीचे से कोई सोने की द्वारिका वा लंका निकल आयेगी । द्वारिका हो सकती है, लंका तो नहीं होगी ।**

A. False
B. True

**Q.3) कुछ बच्चे बाप को याद नहीं करते - याद भी तब रहे जब पूरा ममत्व निकल जाये । बहुत बच्चों को सारी दुनिया से वैराग्य रहता है । मित्र-सम्बन्धियों आदि को देखते हुए जैसेकि देखते ही नहीं । जानते हैं यह सब नर्कवासी, कब्रिस्तानी हैं । यह सब खत्म हो जाने हैं । अब हमको वापिस घर जाना है इसलिए सुखधाम-शान्तिधाम को ही याद करते हैं ।**

A. False
B. True

**Q.4) वाक्यों को अर्थों के अनुसार जोड़ें --**

| | Choice | | Match |
|---|---|---|---|
| A | चुस्त स्टूडेंट बनकर | 1 | तो पहले जरूर प्रिन्स बनेंगे । |
| B | सुस्त स्टूडेंट नहीं बनना, | 2 | सुस्त वह जिन्हें सारा दिन मित्र-सम्बन्धी याद आते हैं | |
| C | कृष्ण भगवानुवाच तो है नहीं - | 3 | श्रीकृष्ण नहीं । |
| D | शिव भगवानुवाच कि मैं तुमको राजाओं का राजा बनाता हूँ, | 4 | यह श्रीकृष्ण तो एम ऑब्जेक्ट है I |
| E | इस पाठशाला का टीचर शिवबाबा है, | 5 | अच्छे मार्क्स से पास होने का पुरूषार्थ करो I |

**Q.5) आज की मुरली अनुसार संगमयुग पर सबसे तकदीरवान बच्चों की विशेषताएं क्या हैं ?**

**उनका चयन करें --**

A. उन्होंने अपना तन-मन-धन सब सफल किया है और कर रहे हैं I
B. वे हिम्मत रख अनेकों का भाग्य बनाने के निमित्त बनते हैं ।
C. वे समझते हैं बाप अभी सम्मुख आया है, हम अपना सब-कुछ सफल कर लें ।
D. वे समझते हैं कि विनाश सामने खड़ा है इसलिए कुछ तो कर लें ।

**Q.6) रीयल्टी अर्थात् अपने असली स्वरूप की सदा स्मृति I इस स्मृति से होने वाले सभी लाभ चयन करें ---**

A. हर बोल में बाप के समान अथॉर्टी और प्राप्ति की अनुभूति होगी ।
B. जो भी सम्पर्क में आयेगा उन्हें हर कर्म में बाप समान चरित्र अनुभव होंगे I
C. उनका संग रीयल होने के कारण पारस का काम करेगा ।
D. ऐसी रीयल्टी वाली रॉयल आत्मायें ही फर्स्ट डिवीजन के अधिकारी बनती हैं ।
E. इस स्मृति से स्थूल सूरत में भी रॉयल्टी नज़र आयेगी । रीयल्टी अर्थात् एक बाप दूसरा न कोई ।
F. इस स्मृति से हर कर्म वा बोल में रॉयल्टी दिखाई देगी ।

**Q.7) यह प्रश्न मुख्य रूप से धारणा पर आधारित है,बहुत सोच कर मिलाएं --**

| | Choice | | Match |
|---|---|---|---|
| A | कर्मातीत अवस्था को प्राप्त करने के लिए- | 1 | खुदाई खिदमतगार बनना है । |
| B | एक बाप के सिवाए कोई मित्र-सम्बन्धी आदि याद न आये, | 2 | यह मेहनत करना है । |
| C | श्रीमत पर - | 3 | इस शरीर रूपी दुम को भूल जाना है । |
| D | तन-मन- धन सब सफल कर, | 4 | अपनी ऊंच तकदीर बनानी है । |

**Q.8) ड्रामा अनुसार --------और सुस्त दोनों ही प्रकार के स्टूडेंट हैं I--------स्टूडेंट अच्छी मार्क्स से पास हो जाते हैं । सुस्त जो होगा उनका तो सारा दिन लड़ना-झगड़ना ही होता रहता है । बाप को याद नहीं करते । सारा दिन मित्र-सम्बन्धी ही बहुत याद आते रहते हैं ।**
**[एक सही उत्तर से रिक्त स्थान भरें ]**

A. चुस्त
B. अलबेले
C. रोगी
D. आलसी

**Q.9) वाक्यों को अर्थ अनुसार मिलाएं ---**

| | Choice | | Match |
|---|---|---|---|
| A | गोल्डन एज कहा जाता है, | 1 | मिलता कुछ भी नहीं । |
| B | हम स्वर्गवासी बनते हैं , | 2 | तो विकर्मों का खाता समाप्त हो जायेगा । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **C** | झूठ को भी खजाना समझ रखते हैं, छोड़ते ही नहीं, | **3** | राम राज्य को । |
| **D** | श्रेष्ठ कर्मों का खाता बढ़ाओ, | **4** | यह याद रहे तो सदा हर्षितमुख रहेंगे । |
| **E** | भक्ति मार्ग में कितना माथा टेकते, पैसे बरबाद करते,चिल्लाते, | **5** | तो समझा जाता है इनकी तकदीर ऐसी है । |

*Q.10)* **मनुष्य से देवता गाया जाता है । ऐसे नहीं कहेंगे कि मनुष्य से क्रिश्चियन वा मनुष्य से सिक्ख । नहीं । मनुष्य से देवता बने अर्थात् आदि सनातन देवी-देवता धर्म की स्थापना हुई । देवतायें हिन्दू बन गये । हिन्दू से फिर और- और धर्म में कनवर्ट हो गये । वह भी बहुत निकलेंगे जो अपने श्रेष्ठ धर्म-कर्म को छोड़ दूसरे धर्मों में जाकर पड़े हैं । वह निकल आयेंगे । पीछे थोड़ा ज्ञान समझेंगे, प्रजा में आ जायेंगे ।**

**A.** True

**B.** False